सुशासन

//

सुशासन

विश्व बैंक के अनुसार, सुशासन वह माध्यम है जिसके द्वारा विकास के लिये किसी देश के आर्थिक और सामाजिक संसाधनों के प्रबंधन में शक्ति का प्रयोग किया जाता है।

संदर्भ

- भगवद् गीता
- **कौटिल्य का अर्थशास्त्र:** राजा की भूमिका में प्रजा का कल्याण सर्वोपरि माना जाता है
- महात्मा गांधी ने **"सु-राज"** (सुशासन) पर ज़ोर दिया है
- **सतत् विकास लक्ष्य 16:** शासन, समावेशन, भागीदारी, अधिकार और सुरक्षा में सुधार

मुख्य विशेषताएँ (मानवाधिकार परिषद् के अनुसार)

- पारदर्शिता
- ज़िम्मेदारी
- जवाबदेहिता (Responsibility)
- भाग लेना (Participation)
- जवाबदेही (Responsiveness) [लोगों की आवश्यकताओं के प्रति]

संयुक्त राष्ट्र द्वारा दिये गए 8 सिद्धांत

भारत में सुशासन नामक पहल

राष्ट्रीय सुशासन दिवस: 25 दिसंबर (पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती से)

पारदर्शिता एवं जवाबदेहिता

- सूचना का अधिकार (**अनुच्छेद 19 (1)**) और RTI अधिनियम, 2005
- ई-गवर्नेंस (न्यूनतम सरकार - अधिकतम गवर्नेंस); डिजिटल इंडिया कार्यक्रम
- केंद्रीय लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (CPGRAMS)

विकेंद्रीकरण और स्थानीय शासन

- नीति आयोग (सहकारी संघवाद)
- 73वाँ और 74वाँ संविधान संशोधन

नागरिक भागीदारी और सशक्तीकरण

- मेक इन इंडिया पहल, MyGov प्लेटफॉर्म, RTE अधिनियम, 2009

वैधानिक सुधार

- मॉडल पुलिस अधिनियम (2015), e-FIR, e-कोर्ट प्रोजेक्ट, SUPACE पोर्टल

सुशासन सूचकांक (इसे DARPG द्वारा तैयार किया जाता है)

संबंधित चुनौतियाँ

- **भ्रष्टाचार:** भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (CPI) 2023 में भारत 93/180वें स्थान पर है
- **असमानता और सामाजिक बहिष्कार:** भारत में धन की असमानता 60 वर्ष के उच्चतम स्तर पर है (वर्ष 2024 में) (शीर्ष 1% लोगों के पास 40.1% संपत्ति है)
- **अपर्याप्त न्यायिक अवसंरचना:** विभिन्न न्यायालयों में 5 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं, (मात्र उच्चतम न्यायालय में ~80,000)

सुझाव

- नीतिगत निर्णयों में नागरिकों को शामिल करने के लिये एक सुरक्षित डेटा प्लेटफॉर्म निर्माण की आवश्यकता है
- AI-संचालित शिकायत निवारण
- **सेवोत्तम मॉडल (Sevottam Model):** सार्वजनिक सेवा वितरण के लिये द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग (ARC) द्वारा प्रस्तावित किया जाना चाहिये

Drishti IAS

और पढ़े: सुशासन

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/good-governance-25